बुधवार
नालन्दा, 05.02.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

अपना नालन्दा

पेज-01 वर्ष:1, अंक:11

www.apnanalanda.com

पूर्व विधायक स्व. कृष्णबल्लभ यादव की 24 वीं पुण्यतिथि पर लालू यादव इस्लामपुर आएंगे, जनसभा को करेंगे संबोधित

संवाददाता, इस्लामपुर

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर के विधायक राकेश कुमार रौशन ने जानकारी दी कि इस्लामपुर के पूर्व विधायक स्व. कृष्णबल्लभ प्रसाद यादव की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव बुधवार को उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम इस्लामपुर के गया रोड स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद इस्लामपुर खानकाह हाई स्कूल के मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लालू प्रसाद यादव जनता को संबोधित करेंगे। विधायक राकेश कुमार रौशन ने आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

राजद के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल वारी सिद्दीकी, जयप्रकाश नारायण यादव, प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव भी माल्यार्पण एवं सम्बोधित करेंगे।

सड़क हादसा नगरनौसा थाना क्षेत्र के रामघाट बाजार में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे

बेलगाम ट्रैक्टर ने दो इंटर परीक्षार्थी को रौंदा, एक की मौके पर मौत,दूसरा घायल, विरोध में घंटों जाम रहा मार्ग

संवाददाता, नगरनौसा

नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा थाना क्षेत्र के रामघाट बाजार में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में इंटर परीक्षा देने जा रहे दो परीक्षार्थी तेज रफ्तार ईंट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। हादसे में एक परीक्षार्थी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, करायपरसुराय थाना क्षेत्र के नेसार गांव निवासी भरत भूषण उर्फ पप्पू के 18 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार और उसी गांव के पंकज कुमार के 18 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार अपनी बाइक से इंटर की परीक्षा देने डीपी सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन, भागन बिगहा जा रहे थे। रास्ते में रामघाट बाजार में शिवम बाइक किनारे खड़ा कर अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तभी तेज गति से आ रहे ईंट लदे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया।

इस हादसे में शिवम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीयूष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल पीयूष को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरनौसा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक और घायल परीक्षार्थियों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक की मां अपने बेटे का शव देखकर बार-बार बेहोश हो रही थी, जिससे वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने दनियावां-चंडी मुख्य मार्ग (एनएच-431) को जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रहने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही नगरनौसा और चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लगभग ढाई घंटे बाद नगरनौसा के बीडीओ ओमप्रकाश कुमार और सीओ सत्येंद्र कुमार भी घटनास्थल पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। प्रशासन के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया और यातायात सुचारू हो सका। नगरनौसा थानाध्यक्ष पंकज कुमार पवन ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस हादसे की जांच में जुट गई है।

चौहान मोड़ से आर्म्स एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, नूरसराय

नूरसराय (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के चौहान मोड़ के पास से पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत फरार चल रहे चरूईपर निवासी स्व. जदू यादव के पुत्र जोगिंदर यादव को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने मंगलवार को दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीन महीने पहले जोगिंदर यादव के घर से एक देशी पिस्तौल बरामद की गई थी, लेकिन पुलिस कार्रवाई के दौरान वह फरार हो गया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह चौहान मोड़ के पास मौजूद है। नालंदा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

हिलसा में अग्नि शमन विभाग की तत्परता के कारण अनहोनी घटना पर पाया काबू

संवाददाता, हिलसा

हिलसा (अपना नालंदा)। अनुमंडल मुख्यालय हिलसा के खाखी बाबा चौक के किनारे लगे कई दर्जन पेड़ो में अचानक आग लगने से वहाँ पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आसपास के लोगों एवं अग्नि शमन विभाग की तत्परता के कारण आग पर नियंत्रण कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह घटना मंगलवार की करीब दो बजे दोपहर की है। वहाँ पर के दुकानदारों ने बताया कि बहुत दूर से आग लगते हुए आ रहा था,जिससे यहाँ पर बहुत धुआँ हुआ। इस धुआँ एवं आग से यहाँ पर अफरा-तफरी मच गया। लोगों ने सूझबूझ से काम लिया और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना पाते हीं मौके-ए-वारदात घटनास्थल पर पहुँचकर अग्निशमन के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। यदि कुछ समय ज्यादा लग जाता तो एक अप्रिय घटना घट जाती।

सरस्वती पूजा का चंदा नहीं देने पर बदमाशों ने महिलाओं संग अभद्रता की, तीन घायल

संवाददाता, इस्लामपुर

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बकौर गांव में सरस्वती पूजा के चंदे को लेकर हुए विवाद में बदमाशों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट कर दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही, सोने के आभूषण भी छीन लिए। इस घटना को लेकर पीड़ित महिला बबीता कुमारी ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ इस्लामपुर थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि रात करीब 10 बजे चार आरोपी जबरन उनके घर आए और सरस्वती पूजा के लिए 500 रुपये चंदा मांगने लगे। जब परिवार ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए चंदा देने में असमर्थता जताई, तो आरोपियों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता की और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। शिकायत में यह भी बताया गया है कि शोर सुनकर बचाने आए उनके परिवार के सदस्य रानी कुमार और रोहित कुमार पर भी हमला किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने मारपीट के दौरान बबीता कुमारी के कान से सोने की कानबाली भी छीन ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

'मेहनत, संकल्प और संघर्ष की मिसाल: चंद्रलेखा मौर्या बनीं न्यायिक दंडाधिकारी'

संवाददाता, नूरसराय

नूरसराय (नालंदा) (अपना नालंदा)। अगर मन में मजबूत इरादा हो और मेहनत के प्रति ईमानदारी बनी रहे, तो कोई भी बाधा सफलता की राह में रुकावट नहीं बन सकती। इसी दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए नूरसराय प्रखंड के परासी गांव की चंद्रलेखा मौर्या ने बिहार न्यायिक सेवा (BPSC 32वीं न्यायिक परीक्षा) में प्रथम प्रयास में ही शानदार सफलता प्राप्त कर 40वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिजनों और ग्रामीणों ने एक–दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाइयां दीं और चंद्रलेखा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सफलता की राहः ननिहाल में रहकर की पढ़ाई चंद्रलेखा मौर्या की प्रारंभिक शिक्षा उनके ननिहाल में हुई। बचपन से ही वे पढ़ाई में मेधावी रहीं और हमेशा लक्ष्य के प्रति समर्पित रहीं। अपनी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने पहली ही बार में इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पास कर सफलता की नई मिसाल कायम की।

मां बनी प्रेरणा, सफलता का श्रेय उन्हें दिया

अपनी इस सफलता का श्रेय चंद्रलेखा ने अपनी मां सुधा देवी को दिया। उन्होंने कहा, ष्मेरी मां हमेशा मेरी प्रेरणा रही हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में मेरा मार्गदर्शन किया और मुझे आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।ष उन्होंने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने में कई कठिनाइयां आईं, लेकिन दृढ़ निश्चय, मेहनत और ईमानदारी से की गई पढ़ाई ने उन्हें इस सफलता तक पहुंचाया। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी संदेश दिया कि यदि वे लगन और मेहनत से पढ़ाई करेंगे, तो सफलता अवश्य मिलेगी। पढ़ाई के साथ शौक भी जरूरी चंद्रलेखा मौर्या को पढ़ाई के साथ–साथ संगीत सुनने और गाने का भी शौक है। इसके अलावा, उन्हें शतरंज खेलना और कार्टून देखना भी पसंद है। उनका मानना है कि अध्ययन के साथ रुचियों को भी बनाए रखना आवश्यक है, जिससे मानसिक ताजगी बनी रहती है। बधाइयों का तांता, मंत्री श्रवण कुमार ने दी शुभकामनाएं चंद्रलेखा मौर्या की इस उपलब्धि पर बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा, जदयू के कला–संस्कृति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश, वरिष्ठ जदयू नेता राजेंद्र प्रसाद, डॉ. सुनील दत्त, संजय कुमार और जितेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी उन्हें बधाई दी।

चंद्रलेखा की इस सफलता से परासी गांव का नाम रोशन हुआ है और वे अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि अगर मेहनत और लगन के साथ कोई भी लक्ष्य तय किया जाए, तो सफलता निश्चित रूप से कदम चूमती है।

न्याय के साथ विकास की बात करने वाले सीएम नीतीश कुमार, अब पूरी तरह भाजपा के चंगुल में फंस चुके हैंः-सुरेंद्र राम

संवाददाता, नूरसराय

करायपरसुराय (अपना नालंदा)। अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक भाकपा (माले) के प्रखंड कार्यालय में किसान महासभा के जिला अध्यक्ष मुनीलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाकपा (माले) के जिला सचिव सुरेंद्र राम सहित कई अन्य किसान नेता मौजूद थे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के जिला सचिव सुरेंद्र राम ने बिहार सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के जिला सचिव सुरेंद्र राम ने बिहार सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जो न्याय के साथ विकास की बात करते थे, अब पूरी तरह भाजपा के चंगुल में फंस चुके हैं। उनके शासन में अपराध बेलगाम हो चुके हैं, और पुलिसिया दमन का दौर चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस और अपराधियों की सांठगांठ के चलते आम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने हाल ही में बेनीपट्टी में एक प्रशिक्षु डीएसपी द्वारा एक मुस्लिम युवक की पिटाई और अपमानजनक व्यवहार को लेकर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सासाराम के सांसद मनोज राम पर उच्च जाति के लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया, और फुलवारी शरीफ के विधायक गोपाल रविदास को उनके विकास कार्यों में बाधा पहुंचाई गई। उनके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। किसान महासभा के जिला सचिव पाल बिहारी लाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों की उपजाऊ जमीन का जबरन अधिग्रहण कर रही हैं, और छह लेन सड़क निर्माण के नाम पर किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर आगामी मसौढ़ी द्वारकानाथ कॉलेज में आयोजित किसान महापंचायत में बड़ी संख्या में किसानों को शामिल होने की अपील की। हिलसा किसान महासभा के सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि मोदी सरकार कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति (NPFAM) लागू कर किसानों के उत्पादों को कॉरपोरेट के हवाले करना चाहती है, जिसे किसान कतई स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि 20 फरवरी से 22 फरवरी 2025 तक हिलसा अनुमंडल सहित कई प्रखंडों में विरोध मार्च निकालकर छच्थ्।ड की प्रतियां जलाई जाएंगी। इसके अलावा, भाकपा (माले) द्वारा 9 मार्च 2025 को गांधी मैदान में आयोजित महाजुटान रैली में भी किसान महासभा की ओर से बड़ी संख्या में किसानों को शामिल होने की अपील की गई। बैठक को किसान महासभा के प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, साधु बिंद, जयप्रकाश राम सहित कई अन्य नेताओं ने संबोधित किया और सरकार की किसान विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की।

पॉलिथीन केवल पर्यावरण का ही नहीं, बल्कि समाज का भी दुश्मन हैः-सिकंदर कुमार हरिओम

संवाददाता, बिहारशरीफ

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पर्यावरण प्रेमी एवं समाज सुधारक सिकंदर कुमार हरिओम ने राजगीर के विवेकानंद मध्य विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया और छात्र–छात्राओं को कुरीतियों से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागने और सुसंस्कृतियों को अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि विद्या की अधिष्ठात्री माता सरस्वती की पूजा विद्यार्थी करते हैं, और उनकी तस्वीर, भुजाएँ, कमल आसन, वीणा एवं वस्त्र सभी किसी न किसी सकारात्मक संदेश का प्रतीक हैं। जलाशय में कीचड़ होने के बावजूद उसमें कमल खिलता है, जो यह दर्शाता है कि जन्म किसी भी परिस्थिति में हुआ हो, लेकिन व्यक्ति को कमल की तरह खिले रहने का प्रयास करना चाहिए। माता सरस्वती का श्वेत वस्त्र स्वच्छता का प्रतीक है, उनकी चार भुजाएँ यश और कीर्ति का संकेत देती हैं, हाथ में रखा वेद ज्ञान का प्रतीक है, और मोती की माला ध्यान व साधना का संदेश देती है। सिकंदर कुमार हरिओम ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि पॉलिथीन केवल पर्यावरण का ही नहीं, बल्कि समाज का भी दुश्मन है, क्योंकि यह गंदगी फैलाने के साथ–साथ प्रदूषण को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने छात्रों व शिक्षकों से अपील की कि वे अपने विद्यालय को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए संकल्प लें और स्वच्छता को अपनाएं।

वाहन जांच में 35.895 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, अपना नालंदा

सारे (अपना नालंदा)। सारे थाना पुलिस ने मंगलवार को वाहन जांच के दौरान बाइक पर तस्करी कर ले जाई जा रही 35.895 लीटर विदेशी शराब जब्त की और एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब के साथ एक एंड्रॉयड मोबाइल, 500 रुपये नकद और बाइक भी जब्त की। थानाध्यक्ष धर्मेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक से भारी मात्रा में शराब लेकर जा रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया और तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांडों की कुल 35.895 लीटर विदेशी शराब बरामद की। जब्त शराब ऑफिसर चॉइस (180 एमएल)रू 114 पैक(फ्रूटी पैक),इंपीरियल ब्लू (375 एमएल)रू 12 पैक,आईकॉनिक व्हाइट (375 एमएल)रू 24 पैक,नाइट क्वीन (750 एमएल)रू 2 बोतल तथा 8 पीएम (750 एमएल): 1 बोतल है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र के खोजागाछी गांव निवासी अमर कुमार (18 वर्ष), पिता रिंकू राम के रूप में हुई। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

पिलीच गांव में चोरी की वारदात, एसपी के निर्देश पर एसआईटी गठित

संवाददाता, बिहारशरीफ

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले के पिलीच गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया और उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। चोरी की शिकार अनुराधा देवी (पति– शांतिचरण प्रसाद) ने बताया कि 4 फरवरी को सुबह करीब 2:00 बजे जब वे शौच के लिए बाहर जाने लगीं, तो पाया कि उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने पड़ोसियों को फोन कर मदद मांगी, जिसके बाद दरवाजा खोला गया। बाहर निकलने पर उन्होंने देखा कि घर के अन्य तीन कमरों के दरवाजे खुले थे और संदूक तोड़कर आभूषण व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया था। चोरी की वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक नालंदा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा–02 और अंचल निरीक्षक एकंगरसराय ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। फॉरेंसिक साइंस लैब (थ्स्) टीम ने साक्ष्य एकत्र किए, जबकि स्वान दस्ता और तकनीकी टीम भी घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंची। चोरी की घटना के त्वरित खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा–02 के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया है। जांच टीम में अंचल निरीक्षक, एकंगरसराय,पुलिस निरीक्षक (DIU),थानाध्यक्ष परवलपुर,थानाध्यक्ष हिलसा तथा थानाध्यक्ष, थरथरी शामिल है

PMAY-G सर्वे में अवैध वसूली का खुलासा, ग्रामीण आवास सहायक निलंबित

प्रखंड नूरसराय के अजयपुर पंचायत में ग्रामीण आवास सहायक द्वारा अवैध वसूली की शिकायत सामने आई।

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर के निर्देशानुसार जिलेभर में आवास विहीन लाभुकों का सर्वे कार्य चल रहा है। इसी दौरान, प्रखंड नूरसराय के अजयपुर पंचायत में ग्रामीण आवास सहायक द्वारा अवैध वसूली की शिकायत सामने आई।

सूचना के अनुसार, ग्रामीण आवास सहायक निक्की कुमारी द्वारा PMAY-G योजना के तहत आवास विहीन लाभुकों का सर्वे कर नाम जोड़ने के बदले प्रत्येक लाभुक से 1500 रुपये की मांग की जा रही थी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी, नूरसराय द्वारा जांच कराई गई, जिसमें आरोप सही पाया गया। इसके आलोक में, उप विकास आयुक्त, नालंदा ने तत्काल प्रभाव से निक्की कुमारी को निलंबित कर दिया है। साथ ही, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नूरसराय को स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आवास विहीन लाभुकों का सर्वे कार्य पूरी तरह निःशुल्क है और यदि किसी भी स्तर पर अवैध वसूली की शिकायत मिलती है, तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

बीआरसी में बीईओ ने किया समीक्षा बैठक

स्थानीय बीआरसी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अब्दुल मन्नान ने मंगलवार को स्कूलों के प्रधान शिक्षकों के साथ बैठक किया।

संवाददाता, अपना नालन्दा, हरनौत

बीईओ ने बताया कि बैठक में

छात्र–छात्राओं की अपार आईडी को लेकर , कंपोजिट ग्रांट को लेकर , चहक , शिक्षा संबंधित विभिन्न योजनाएं , ईको क्लब को लेकर , स्कूलों में चल रहे शौचालय निर्माण को लेकर , विभिन्न स्कूलों में चल रहे मरम्मती आदि की समीक्षा हुए । उन्होंने बताया कि बैठक में प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय एवं हाईस्कूलों के एचएम मौजूद थें। वहीं परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सह प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि बैठक के दौरान नए बीईओ से औपचारिक मुलाकात हुई।सभी उपस्थित प्रधान शिक्षकों से परिचित हुए। मौके पर परिवर्तन प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश चंद्र भारती , शिक्षा विभाग के बीपीएम मनीष कुमार ,बीआरपी नवीन , बीआरपी दीक्षित, बीआरपी ऋषि , एमडीएम प्रभारी शंभू के अलावा प्रधानाध्यापक में अखिलेश , विनोद अनील दत , बृंद , कौशलेंद्र , विनोद , विजय , बृंद समेत अन्य मौजूद थे।

नगर निगम का कचरा प्रबंधन सिस्टम कमजोर, प्रोसेसिंग प्लांट अब भी अधूरा

नगर निगम बनने के 18 साल बाद भी शहर में कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का सपना अधूरा ही बना हुआ है। शहर में हर दिन लगभग 3 टन कचरा घरों और नालियों से निकलता है, लेकिन अब भी इसका निपटान पुरानी पद्धति से ही किया जा रहा है।

संवाददाता, बिहारशरीफ

नगर निगम ने चकरसलपुर स्थित डंपिंग यार्ड में कचरा प्रोसेसिंग के लिए कुछ मशीनें लगाई थीं, लेकिन वे केवल दिखावे तक सीमित रह गईं। इसी तरह 17 नंबर वार्ड में कचरा संग्रह केंद्र बनाया गया था, जहां जैविक खाद बनाने की योजना थी, मगर फिलहाल वह भी निष्क्रिय है। नालियों की सफाई से निकलने वाला गाद और घरों से उठाए जाने वाले कचरे के निस्तारण के लिए डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण प्रणाली तो है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं। जानकारी के अनुसार, नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने एक बार फिर कचरा प्रोसेसिंग प्लांट लगाने के प्रयास शुरू किए हैं। इस बार एक सीमेंट निर्माता कंपनी इसके लिए तैयार हुई है। यदि यह योजना साकार होती है तो शहर में कचरा प्रबंधन की समस्या काफी हद तक हल हो सकती है।

साइबर अपराधियों ने हरनौत रेल कारखाना कर्मी से ठगी की, 1.60 लाख रुपये का हुआ नुकसान

संवाददाता, हरनौत

हरनौत (अपना नालंदा)। पिछले दिनों साइबर अपराधियों ने हरनौत रेल कारखाना के एक कर्मी को डिजिटल अरेस्ट करते हुए 1.60 लाख रुपये की ठगी की। इस मामले को लेकर पीड़ित ने मंगलवार को स्थानीय थाना में आवेदन देकर अपनी रकम वापस करने की गुहार लगाई है। पीड़ित विकास कुमार भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत गणपत टोला के निवासी जलाल राम के पुत्र हैं, जो वर्तमान में हरेका में एचआरएस शॉप में हेल्पर के पद पर कार्यरत हैं। विकास ने बताया कि 31 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें अपराधियों ने उन्हें साइबर क्राइम दिल्ली और सीबीआई के नाम से धमकाया। उन्हें कहा गया कि उनके खिलाफ दिल्ली में केस दर्ज है और गलत तरीके से पैसे जमा किए गए हैं, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तारी और अन्य भय दिखाते हुए डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया। अपराधियों ने आरबीआई से क्लीयरेंस और कोर्ट में जमानत राशि जमा करने के नाम पर 1.60 लाख रुपये की ठगी की। इसके बाद, उन्हें और पैसे की मांग की गई और धमकी दी गई कि किसी को यह जानकारी साझा करने पर गिरफ्तारी की जाएगी। प्रभारी थानाध्यक्ष गणेश राय ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस कार्रवाई जारी है।

BEENFELD®
FIRE SAFETY AND SERVICES
All Types of Fire Extinguisher, Hydrant,
Hoses, Refills, Complete Fire Protection & Safety Items
2nd Floor
Add: Bahadurpur Housing Colony, Bhoothnath Road, Patna 800026
+91 9241 666317 | +91 93414 92504 www.beenfeldfireservice.in

द लिटिल चैंप स्कूल
THE LITTLE CHAMP SCHOOL
RESIDENTIAL & DAY CARE
Class - Play to VIIIth (आवासीय व डे-केयर)
नवोदय नेतरहाट सैनिक मिलिट्री
R.K. MISSION BHU सिमुलतला
Seven years Free Education
में नामांकन की तैयारी हमारे साथ करें।
अगले सात वर्षों (6 to 12) की सम्पूर्ण शिक्षा निःशुल्क (फ्री) राष्ट्रीय संस्थान से करें।
9084671203, 9142332144
पता:- पी.सी. प्लाजा, भगवानपुर रोड, चंडी (नालंदा)

नव नालंदा महाविहार में प्रो. दीपंकर लामा को दी गई भावपूर्ण विदाई

संवाददाता, बिहारशरीफ

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नव नालंदा महाविहार (सम विश्वविद्यालय), नालंदा के निवर्तमान कुलसचिव और तिब्बती, चीनी, जापानी एवं बौद्ध अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दीपंकर लामा के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आचार्य, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रो. दीपंकर लामा ने लगभग 25 वर्षों तक नव नालंदा महाविहार में शिक्षण कार्य किया और 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए। उनके नेतृत्व, समर्पण और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता को अनुकरणीय बताया गया। महाविहार के विकास में उनके योगदान को महत्वपूर्ण माना जाता है। अपने कार्यकाल में उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों का सफलतापूर्वक दायित्व निभाया, जिनमें अधिष्ठाता (अकादमिक), रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयोजक, तिब्बती अध्ययन, बौद्ध अध्ययन एवं चीनी–जापानी अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष सहित कई समितियों की सदस्यता शामिल रही। विदाई समारोह में कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने प्रो. लामा के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि वे जितने शालीन थे, उतने ही कर्तव्यनिष्ठ भी। उन्हें जो भी दायित्व सौंपा गया, उसे उन्होंने पूरी ईमानदारी से निभाया। इसी कारण वे सभी के प्रिय रहे। कुलपति ने प्रो. लामा के स्वस्थ, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रो. दीपंकर लामा ने कुलपति और विश्वविद्यालय परिवार को उनके स्नेह और सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सेवाकाल के दौरान उन्हें सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिला, जिससे यह सफर सुखद और यादगार बना।

अंत में, महाविहार के सभी आचार्यों एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से प्रो. लामा को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना के साथ विदाई दी।

नगर निगम के लिए आय बढ़ाना बड़ी चुनौती, अनुदान पर निर्भरता बरकरार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। वित्तीय वर्ष 2025–26 में नगर निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपनी आय में वृद्धि करना होगी। हर साल बजट में आय बढ़ाने पर जोर दिया जाता है, लेकिन वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक निगम अपने लक्ष्य से पीछे रह जाता है। 2024–25 में नगर निगम ने 389.6 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था, जिसमें 159.34 करोड़ रुपये आय का अनुमानित लक्ष्य रखा गया था। हालांकि, वास्तविक आय का आकलन 2025–26 के बजट पेश होने के बाद ही स्पष्ट होगा। नगर निगम की राजस्व शाखा के अनुसार, अब तक होल्डिंग टैक्स, जलकर और कचरा प्रबंधन टैक्स से 9.47 करोड़ रुपये की आय हुई है, जबकि अगले दो महीनों में यह राशि बढ़कर 12 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। नगर निगम की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है, जिससे कर्मियों के वेतन समेत अन्य खर्चों के लिए हर साल उसे अनुदान पर निर्भर रहना पड़ता है। 2024–25 के बजट में राज्य और केंद्र सरकार से 128.66 करोड़ रुपये के राजस्व अनुदान का प्रावधान किया गया था, जबकि 139.91 करोड़ रुपये के व्यय का उपबंध रखा गया था। प्रमुख आय स्रोतों में होल्डिंग टैक्स से 9 करोड़ रुपये, शहरी क्षेत्र में जमीनों की खरीद–बिक्री से 6 करोड़ रुपये, अस्थायी दुकानों और सैरातों से 2.86 करोड़ रुपये, कचरा प्रबंधन से 2.20 करोड़ रुपये, और विज्ञापन से 10 लाख रुपये मिलने की संभावना जताई गई थी। नगर निगम के आय संसाधन सीमित हैं, जिससे उसे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए नई योजनाएं लागू करने की जरूरत है।

वासंती का रुपहला सौंदर्यः कुदरत का स्नेह संदेश

वासंती का रंग रुपहला,
इसमें हीं खो जायें हम,
कुदरत ने पैगाम है
लाया,
इससे नेह लगा लें
हम।
विभिन्न किस्म के फूल खिले हैं,
मादकता का दौरा है,
इसे घुम आलिंगन करता,
कली कली पर भौंरा है,
बिखरा है चहुं ओर
हीं खुशबू,
इसके बीच घुम आयें हम ।
वासंती का रूप रूपहला,
इसमें हीं खो जायें हम।
तेज हवा के झोंके से
तरूवर करते आलिंगन है,
पंक्षी कलरव किलकारी करते,
वसंत स्वागत तुझे
वंदन है,
लगे बागों में मिलकर एक एक बीज उगायें हम।
वासंती का रूप रुपहला, इसमें हीं खो जायें हम।
वेशक मन को शान्ति देता, कुदरती मस्त नजारा है,
लेकिन ये स्थायी नहीं जैसे एक बंजारा है,
पेड़ पौधे से हीं बहारें
इसको न भुल पायें हम।
वासंती का रूप रुपहला, इसमें हीं खो जायें हम,
कुदरत ने पैगाम है लाया, इससे नेह लगायें हम।

डॉ. आर लाल गुप्ता
वरिष्ठ पत्रकार

अपनी कविता शायरी रचनाएं एवं विज्ञापन के लिए हमारे व्हाट्सएप नंबर पर भेजें :-

apnanalandaofficial881@gmail.com

70705 72018

20 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में

बच्चों की मुस्कान
Estd.- 2005
Reestablished- 2021
Reg. No.- 22913872021112719220 4

राष्ट्र की शान
9334304341
7563996997
8873996997

BIHAR CENTRAL SCHOOL

Shiksha Nagar, Doiya (Near Kut Factory) N.H.-17 (Nalanda)

प्रिय अभिभावकों,

जिस तरह आप अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, तो उसी तरह हम भी उन्हें सुखद और समृद्ध बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं । बिहार की पावन धरा जिस तरह विश्व को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित कर रही है । जिसका एक प्रारूप ''बिहार सेन्टल स्कूल'' है ।

इसकी कुछ विशेषताएँ इस प्रकार हैं-

- कुशल एवं योग्य शिक्षकगण ।
- अनुशासित शैक्षणिक वातावरण ।
- सी.सी.टी.वी. कैमरे से लैस कैंपस ।
- सभी मार्गों के लिए वाहन की सुविधा ।
- साफ सुथरा तथा 'इको फ्रेंडली' स्कूल कैंपस ।
- पढ़ाई के साथ-साथ अनेक खेलों की सुविधा ।
- सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब ।
- समय-समय पर शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।

Bumper Discount
₹ 5000/-
+
Educational Kit Free

Play Group to 10th
Admissions OPEN
New Admission Session 2025-2026
OFFER
Up to 1st March 2025

Principal
SHYAM SUNDAR PRASAD

विशेष धमाका ऑफर (प्रतिभा अनुरूप नामांकन में भी छूट)

PHYSICS WALLAH | VIDYAPEETH —PATHSHALA—

बिहार शरीफ

SESSION 2025-2026 Offline Classes

ADMISSIONS OPEN

JEE | NEET | Foundation Class 8th to 12th & Dropper

कम Fee में पढ़े India का No.1 Institute में Star Faculty के साथ

Our Facilities:

- AC Classroom
- CCTV Campus
- Offline Classes
- Digital Board
- Doubt Support
- Study Material & DPP
- Daily Recorded Lectures
- Experiments for Pratical Knowledge
- Hostal Facility Available

*T&C Apply

धनेश्वरघाट मंदिर के पीछे, बिहार शरीफ 95766 85051

जानकी शिशु महाविहार

शिशु स्वर से पंचम वर्ग तक

उपलब्ध सुविधाएँ

- शिशु स्तर से पंचम स्तर के बच्चों के पठन-पाठन की उत्तम व्यवस्था।
- बेहतर महौल में शिक्षण की व्यवस्था।
- C.C. T.V. कैमरा की व्यवस्था।
- स्मार्ट क्लास।
- सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था।
- खेल-खिलौना द्वारा शिशु शिक्षण की अनुपम व्यवस्था।
- उच्च स्तरी शिक्षकों की टीम
- खेल-कूद के लिए बड़ा मैदान।

नामांकन जारी है...

निदेशक : रणधीर रंजन

जानकी शिशु महाविहार

आधुनिक तकनीक | उर्जावान समूह | गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | सृजनातमक शिक्षण | प्रगति कार्यक्रम

9304290818, 7652231781

पता : भैंसासूर मोड़ से उत्तर, कागजी महल्ला, बिहारशरीफ (नालंदा)